Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to ensure time-bound supply of LPG cylinders in Gopalganj Parliamentary Constituency, Bihar.

डॉ. आलोक कुमार सुमन (गोपालगंज): महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र गोपालगंज में गैस सिलेंडर की उपलब्धता की कमी है । गोपालगंज एक कृषि प्रधान जिला है । यहां की आबादी लगभग 21 लाख है । हर गांव एंव घर को गैस सिलेंडर मिले, यह सरकार की एक अति महत्वपूर्ण योजना है ।

मेरे संसदीय क्षेत्र में गैस सिलेंडर की कमी के कारण लोगों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है । यहां तक कि लोगों को 3-4 दिनों तक लाइन लगा कर इंतजार करना पड़ता है, फिर भी सभी को गैस सिलेंडर नहीं मिल पाता है । इस कारण कानून-व्यवस्था की समस्या भी उत्पन्न हो जाती है । लोगों को मजबूर हो कर लकड़ी से खाना बनाना पड़ता है ।

गरीब किसान, मजदूर एवं नौजवान का ज्यादा समय गैस जुटाने में लग जाता है । समस्या बढ़ती ही जा रही है । यदि गैस सिलेंडर सप्लाई करने वाली कम्पनी समय से सप्लाई करे तो इस समस्या का निदान हो सकता है । अत: सदन के माध्यम से मैं अपने संसदीय क्षेत्र गोपालगंज में गैस सिलेंडर को समय पर सप्लाई करने के लिए आग्रह कर रहा हूँ, ताकि जनता की परेशानियों को शीघ्र दूर किया जा सके ।